**एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड**
(एनटीपीसी लिमिटेड की सहायक कम्पनी)
**NTPC GREEN ENERGY LIMITED**
(A Subsidiary of NTPC Limited)

# विज्ञापन संख्या 01/25

एनटीपीसी लिमिटेड की सहायक कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) नवीकरणीय ऊर्जा और हाइड्रोजन उत्पादन व्यवसाय में उपस्थिति रखती है। हमारे देश की विकास चुनौतियों के अनुरूप, कंपनी ने 2032 तक 60 गीगावॉट की सकल स्थापित क्षमता प्राप्त करने की महत्वाकांक्षी योजना निरूपित की है।

एनजीईएल को **नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र** में **निश्चित अवधि के आधार पर 03 वर्ष की अवधि (जिसे कंपनी की आवश्यकता के अनुसार 2 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है) हेतु** एनजीईएल कॉर्पोरेट केन्द्र/ स्टेशन / साइट / क्लस्टर / जेवी और इसकी सहायक कंपनियां जो उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु में स्थित हैं, के लिए नीचे दिए गए विवरण के अनुसार **अनुभवी उम्मीदवारों की आवश्यकता है:**

**पात्रता एवं अर्हता मानदंडों के साथ पदों का विवरण नीचे दिया गया है:**

| क्र.सं. | विवरण | ब्यौरा |
|---|---|---|
| 1 | **पद का नाम** | **इंजीनियर (आरई - सिविल)** |
| | रिक्तियों की संख्या | 40 |
| | आरक्षण | अनारक्षित - 21, अनु.जा.- 4, अ.ज.जा.- 2, अ.पि.व. - 8, ईडब्ल्यूएस- 5 |
| | अर्हता | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम से कम 60% अंकों के साथ सिविल इंजीनियरिंग में बीई/ बीटेक डिग्री।<br>अनु.जा./अनु.ज.जा/दिव्यांगजन श्रेणी के लिए अर्हक डिग्री में न्यूनतम अंक 50% है। |
| | अपेक्षित अनुभव | जियोटेक / पाइलिंग / फाउंडेशन / स्ट्रक्चरल स्टील / टावर स्ट्रक्चर / स्विच यार्ड आदि में न्यूनतम 03 वर्ष का योग्यता उपरांत अनुभव। आर.ई. अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| | कार्य का सार | सिविल सिस्टम डिजाइन, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं, जैसे सौर, पवन और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विनियामक/अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी विनिर्देशों को तैयार करना। परियोजना निष्पादन के दौरान विभिन्न अनुबंधों का प्रबंधन, उपकरण निर्माण, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग और नवीकरणीय ऊर्जा स्टेशन के संचालन और रखरखाव के संबंध में सुरक्षा/वैधानिक अनुपालन आदि सुनिश्चित करना। |
| | ऊपरी आयु सीमा | 30 वर्ष |
| 2 | **पद का नाम** | **इंजीनियर (आरई - इलेक्ट्रिकल)** |
| | रिक्तियों की संख्या | 80 |
| | आरक्षण | अनारक्षित - 40, अनु.जा.-10, अनु.ज.जा.- 6, अ.पि.व. - 15, ईडब्ल्यूएस- 9 |
| | अर्हता | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम से कम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीई/ बीटेक डिग्री।<br>अनु.जा./अनु.ज.जा./ दिव्यांगजन श्रेणी के लिए अर्हक डिग्री में न्यूनतम अंक 50% है। |
| | अपेक्षित अनुभव | स्विचयार्ड / इलेक्ट्रिकल टेस्टिंग / ट्रांसमिशन सिस्टम / ट्रांसफार्मर / डिजाइन / इंजीनियरिंग में न्यूनतम 03 वर्ष का अर्हता उपरांत अनुभव। आर.ई. अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। |

| | | |
|---|---|---|
| | कार्य का सार | विद्युत प्रणाली डिजाइन, सौर, पवन और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं सहित नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विनियामक/अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी विनिर्देशों को तैयार करना। परियोजना निष्पादन के दौरान विभिन्न अनुबंधों का प्रबंधन, उपकरण निर्माण, स्थापना , परीक्षण, कमीशनिंग और नवीकरणीय ऊर्जा स्टेशन के संचालन और रखरखाव के संबंध में सुरक्षा/वैधानिक अनुपालन आदि सुनिश्चित करना। |
| | ऊपरी आयु सीमा | 30 वर्ष |
| 3 | **पद का नाम** | **इंजीनियर (आरई - मैकेनिकल)** |
| | रिक्तियों की संख्या | 15 |
| | आरक्षण | अनारक्षित - 4, अनु.जा.- 3, अनु.ज.जा.- 2, अ.पि.व. - 3, ईडब्ल्यूएस- 3 |
| | अर्हता | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम से कम 60% अंकों के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीई/ बीटेक डिग्री।<br>एम.टेक डिग्री वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी ।<br>अनु.जा./अनु.ज.जा./ दिव्यांगजन श्रेणी के लिए अर्हक डिग्री में न्यूनतम अंक 50% है। |
| | अपेक्षित अनुभव | पर्यवेक्षण/निष्पादन में भागीदारी के साथ न्यूनतम 03 वर्ष का अर्हता-पश्चात उद्योग अनुभव।<br>आर.ई. अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| | कार्य का सार | अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के यांत्रिक प्रणालियों की डिजाइन और इंजीनियरिंग, अर्थात सौर, पवन और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के साथ-साथ अन्य इंजीनियरिंग विषयों (सिविल/विद्युत/नियंत्रण और इंस्ट्रूमेंटेशन आदि) के साथ अंतर-चरणबद्धता, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए साइटों का चयन, तकनीकी विनिर्देशों और निविदा दस्तावेजों को तैयार करना, ऑटोकैड का उपयोग करके निविदा इंजीनियरिंग आरेख, बोलियों का मूल्यांकन, कम्प्यूटरीकृत प्रणाली में विक्रेता इंजीनियरिंग आरेखों की मंजूरी, आंतरिक अनुमोदन आदि की प्रक्रिया। गुणवत्ता मानकों के अनुसार साइट पर माल/सामग्री/उपकरण की उतराई, भंडारण, और सुरक्षा, क्षेत्र निरीक्षण और परीक्षण के संबंध में अक्षय ऊर्जा (आरई) परियोजनाओं के यांत्रिक प्रणालियों का पर्यवेक्षण और निगरानी।<br>योजनाएं/मानक एवं संहिताएं, अनुमोदित आरेखों एवं तकनीकी विनिर्देशों के अनुसार उपकरण स्थापना/परीक्षण/कमीशनिंग सुनिश्चित करना, समय कार्यक्रम के भीतर परियोजना निष्पादन में तेजी लाना, विक्रेता भुगतानों का प्रसंस्करण, वैधानिक अनुपालन एवं मंजूरी का प्रसंस्करण तथा सुरक्षा/वैधानिक अनुपालन सुनिश्चित करते हुए आरई स्टेशन का संचालन एवं रखरखाव आदि। |
| | ऊपरी आयु सीमा | 30 वर्ष |
| 4 | **पद का नाम** | **कार्यकारी (आरई - मानव संसाधन)** |
| | रिक्तियों की संख्या | 7 |
| | आरक्षण | अनारक्षित - 2, अनु.जा.- 1, अ.पि.व. - 3, ईडब्ल्यूएस- 1 |
| | अर्हता | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम से कम 60% अंकों के साथ मानव संसाधन/औद्योगिक संबंध/कार्मिक प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ प्रबंधन में कम से कम 2 वर्ष की पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री/स्नातकोत्तर डिप्लोमा/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम या सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर या एमएचआरओडी या मानव संसाधन में विशेषज्ञता के साथ एमबीए। अनु.जा./अनु.ज.जा./ दिव्यांगजन श्रेणी के लिए, अर्हक डिग्री में न्यूनतम अंक 50% है। |
| | अपेक्षित अनुभव | मानव संसाधन कार्यों/औद्योगिक संबंधों में न्यूनतम 03 वर्ष का अर्हता उपरांत अनुभव। SAP, MS ऑफिस और डेटा एनालिटिक्स का ज्ञान रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। |

| | | |
|---|---|---|
| | कार्य का सार | नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में लागू विभिन्न श्रम कानूनों के संबंध में वैधानिक अनुपालन। भर्ती और ऑनबोर्डिंग क्रियाकलाप। कर्मचारी लाभ और प्रतिकर का प्रबंधन और कर्मचारी डेटाबेस बनाए रखना। नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के स्थलों पर बुनियादी ढाँचे का विकास जिसमें नए कार्यालय की स्थापना और आवासीय सुविधा की व्यवस्था शामिल है। नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं/स्टेशनों के आसपास सीएसआर क्रियाकलापों का निष्पादन और भूमि अधिग्रहण से संबंधित मुद्दों का समाधान और किसानों को पट्टे/भूमि का भुगतान जारी करना आदि। |
| | ऊपरी आयु सीमा | 30 वर्ष |
| 5 | **पद का नाम** | **कार्यकारी (आरई - वित्त)** |
| | रिक्तियों की संख्या | 26 |
| | आरक्षण | अनारक्षित - 10, अनु.जा.- 4, अनु.ज.जा.- 2, अ.पि.व. - 8, ईडब्ल्यूएस- 2 |
| | अर्हता | अर्हक सीए/ सीएमए |
| | अपेक्षित अनुभव | वित्त/लेखा के क्षेत्र में न्यूनतम 01 वर्ष का अर्हता-पश्चात अनुभव (आर्टिकल शिप अवधि को छोड़कर)। |
| | कार्य का सार | वित्त संचालन के प्रशासन के लिए उत्तरदायी होंगे: - विक्रेता चालान प्रसंस्करण और भुगतान, वैधानिक अनुपालन (जीएसटी, टीडीएस, आदि), इंड एएस और सेबी एलओडीआर आवश्यकताओं के अनुपालन में त्रैमासिक और वार्षिक वित्तीय विवरण तैयार करना, सांविधिक/आंतरिक/सरकारी लेखापरीक्षा आदि की हैंडलिंग, लागत निर्धारण, बजट और वित्तीय अनुमान, संसाधन जुटाना, कार्यशील पूंजी प्रबंधन और पेरोल लेखांकन आदि। |
| | ऊपरी आयु सीमा | 30 वर्ष |
| 6 | **पद का नाम** | **इंजीनियर (आरई-आईटी)** |
| | रिक्तियों की संख्या | 4 |
| | आरक्षण | अनारक्षित - 3, अ.पि.व.- 1 |
| | अर्हता | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम से कम 60% अंकों के साथ कंप्यूटर विज्ञान या सूचना प्रौद्योगिकी में बीई/ बीटेक डिग्री। अनु.जा./अनु.ज.जा./ पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए अर्हक डिग्री में न्यूनतम अंक 50% है। |
| | अपेक्षित अनुभव | नेटवर्किंग [रूटिंग और स्विचिंग (वीएलएएन, इंटर वीएलएएन रूटिंग, लेयर 3 और लेयर 2 स्विच, स्टेटिक रूटिंग, डायनेमिक रूटिंग प्रोटोकॉल), फ़ायरवॉल और सुरक्षा में अनुभव, नेटवर्किंग मॉनिटरिंग और समस्या निवारण] / वेब एप्लिकेशन डेवलपमेंट (ASP.Net प्रोग्रामिंग फ्रेमवर्क / कोर, एमएस एसक्यूएल सर्वर डेटाबेस, विंडोज सर्वर) में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव। |
| | कार्य का सार | सर्वर, नेटवर्क डिवाइस, LAN, WAN और वायरलेस नेटवर्क तथा एंड-यूज़र सिस्टम सहित आईटी प्रणाली का दैनिक संचालन और रखरखाव और फ़ायरवॉल, VPN और अन्य सुरक्षात्मक उपायों के माध्यम से नेटवर्क सुरक्षा सुनिश्चित करना। नेटवर्क हार्डवेयर L2 और L3 स्विच को इंस्टॉल और कॉन्फ़िगर करना। आईटी अनुबंधों और हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर की खरीद का प्रबंधन करना। वेबसाइट और वेब एप्लिकेशन आदि को डिज़ाइन, विकसित और रखरखाव करना। |
| | ऊपरी आयु सीमा | 30 वर्ष |
| 7 | **पद का नाम** | **इंजीनियर (आरई - अनुबंध और सामग्री)** |
| | रिक्तियों की संख्या | 10 |
| | आरक्षण | अनारक्षित - 6, अनु.जा.- 1, अ.पि.व. - 2, ईडब्ल्यूएस- 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | अर्हता | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम से कम 60% अंकों के साथ सामग्री प्रबंधन/सप्लाई चेन प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा/एमबीए/पीजीडीबीएम के साथ किसी भी स्ट्रीम में बीई/ बीटेक ।<br>या<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम से कम 60% अंकों के साथ नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में एमई/एम.टेक के साथ किसी भी स्ट्रीम में बीई/बीटेक।<br>अनु.जा./अनु.ज.जा./ पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के लिए अर्हक डिग्री में न्यूनतम अंक 50% है। |
| | अपेक्षित अनुभव | नवीकरणीय ऊर्जा उद्योग में अर्हता के पश्चात न्यूनतम 1 वर्ष का कार्य अनुभव। |
| | कार्य का सार | नोटिस जारी करना, निविदाएं आमंत्रित करना, बोली दस्तावेज तैयार करना, बोलियां आमंत्रित करना, बोलियों का मूल्यांकन, रिवर्स नीलामी का संचालन और अनुबंध प्रदान करना जैसी निविदा गतिविधियों के लिए उत्तरदायी होगा।<br>खुली निविदा के लिए अर्हता आवश्यकताओं की तैयारी।<br>सामग्री को शीघ्रता से पहुंचाने, अनुबंध में संशोधन जारी करने, बिलिंग विवरण आदि में परियोजना स्थल की सहायता करना।<br>आरएफक्यू दस्तावेजों की जांच, विपणन रणनीति, विक्रेताओं की सूची बनाने में व्यवसाय विकास में सहायता करना।<br>इंजीनियरिंग, वित्त और व्यवसाय विकास आदि जैसे अन्य विभागों के साथ समन्वय करना। |
| | ऊपरी आयु सीमा | 30 वर्ष |

**सभी पदों के लिए पारिश्रमिक:**

1. उपर्युक्त पदों (क्रमांक 1-7) के लिए अनुमानित सीटीसी 11,00,000/- रुपये प्रति वर्ष होगी जिसमें स्थिर और परिवर्तनशील दोनों घटक शामिल होंगे।
2. ऊपर उल्लिखित पारिश्रमिक केवल सांकेतिक है। वास्तविक पारिश्रमिक अनुभव, तैनाती स्थान और नियुक्ति की अन्य शर्तों पर निर्भर करेगा।

**नोट:**

1. ऊपर दर्शाई गई अनुमानित रिक्तियों की कुल संख्या एनजीईएल प्रबंधन के विवेक पर बढ़ाई/घटाई जा सकती हैं।
2. उम्मीदवार का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व, उम्मीदवारों को किसी भी निर्दिष्ट सरकारी अस्पताल (न्यूनतम जिला अस्पताल का दर्जा प्राप्त) में चिकित्सा जांच करानी होगी। अस्पताल द्वारा जारी मेडिकल फिटनेस के आधार पर निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। निर्धारित स्वास्थ्य मानकों में कोई छूट नहीं दी जाएगी। विस्तृत चिकित्सा मानदंड NGEL की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, इसलिए सभी आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले चिकित्सा मानदंडों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।
3. दिव्यांगजन श्रेणी के लिए रिक्तियां सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार है (दिव्यांगजन श्रेणी के लिए 07 रिक्तियां आरक्षित हैं: सिविल - 02, इलेक्ट्रिकल - 03, मैकेनिकल - 01, वित्त - 01)। उपरोक्त रिक्तियों में अनु.जा./अनु.ज.जा. बैकलॉग रिक्तियां भी शामिल हैं।
4. पद के लिए दिव्यांगता के निर्धारित प्रकार :

| क्र.सं. | कार्य पद | बेंचमार्क दिव्यांगता की उपयुक्त श्रेणी |
|---|---|---|
| 1 | इंजीनियर (आरई-सिविल) | (क) डी, एचएच<br>(ख) ओए, ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू , एएवी<br>(ग) एसएलडी, एमआई<br>(घ) उपरोक्त (क) से (ग) तक की एमडी |
| 2 | इंजीनियर (आरई-मैकेनिकल) | (क) डी, एचएच<br>(ख) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू , एएवी<br>(ग) एसएलडी, एमआई<br>(घ) उपरोक्त (क) से (ग) तक की एमडी |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | इंजीनियर (आरई-इलेक्ट्रिकल) | (क) डी, एचएच<br>(ख) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू , एएवी<br>(ग) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>(घ) उपरोक्त (क) से (ग) तक की एमडी |
| 4 | कार्यकारी (आरई-मानव संसाधन) | (क) बी, एलवी<br>(ख) डी, एचएच<br>(ग) ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू , एएवी, एमडीवाई<br>(घ) एसएलडी, एमआई, एएसडी<br>(ङ) उपरोक्त (क) से (ग) तक की एमडी |
| 5 | कार्यकारी (आरई-वित्त) | (क) बी, एलवी<br>(ख) डी, एचएच<br>(ग) ओए, बीए, ओएल, बीएल, ओएएल, बीएलओए, बीएलए, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>(घ) उपरोक्त (क) से (ग) तक की एमडी |
| 6 | इंजीनियर (आरई-आईटी) | (क) बी, एलवी<br>(ख) डी, एचएच<br>(ग) ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>(घ) एसएलडी, एमआई, एएसडी(एम),<br>(ङ) उपरोक्त (क) से (ग) तक की एमडी |
| 7 | इंजीनियर (आरई - अनुबंध और सामग्री) | (क) एलवी<br>(ख) डी, एचएच<br>(ग) ओए, ओएल, बीएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू , एएवी<br>(घ) एसएलडी, एमआई<br>(ङ) उपरोक्त (क) से (ग) तक की एमडी |

5. **प्रयुक्त श्रेणियाँ संक्षिप्ताक्षर:**
बी=नेत्रहीन, एलवी=कम दृष्टि, डी=बधिर, एचएच=श्रवण में कठिनाई, ओए=एक हाथ, ओएल=एक पैर, बीए=दोनों हाथ, बीएल=दोनों पैर, ओएएल=एक हाथ और एक पैर, बीएलओए=दोनों पैर और एक हाथ, बीएलए=दोनों पैर और हाथ, सीपी=सेरेब्रल पाल्सी, एलसी=कुष्ठ रोग उपचारित, डीडब्ल्यू =बौनापन, एएवी=एसिड अटैक पीड़ित, एमडीवाई = मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, एएसडी = ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार (एम = हल्का, एमओडी = मध्यम), आईडी = बौद्धिक दिव्यांगता, एसएलडी = विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता, एमआई = मानसिक रोग, एमडी = एकाधिक दिव्यांगता।

**चयन प्रक्रिया:**

चयन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी), अनुभव और साक्षात्कार में प्रदर्शन के संचित अंकों के आधार पर किया जाएगा।

| **मानदण्ड** | **संचयी स्कोर के लिए अंकों का योगदान** | **न्यूनतम अर्हता अंक** | |
|---|---|---|---|
| | | **अनारक्षित** | **आरक्षित** |
| सीबीटी परीक्षा | 70 | 60% | 50% |
| अनुभव | 10 | 50% | 50% |
| साक्षात्कार | 20 | 50% | 45% |
| योग | 100 | | |

नोट:

1. सीबीटी में मात्रात्मक अभिरूचि, भाषाई क्षमता, तार्किक तर्क, सामान्य ज्ञान और तकनीकी कौशल (विषय ज्ञान) पर आधारित बहुविकल्पीय विकल्पों के साथ द्विभाषी प्रश्न पत्र होगा।
2. चयन दो चरणों में शॉर्टलिस्टिंग द्वारा किया जाएगा अर्थात ऑनलाइन सीबीटी जो कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, मुंबई, विशाखापत्तनम, गांधीनगर, लखनऊ, जयपुर, भोपाल और रायपुर में आयोजित किया जाएगा। शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। आवश्यकता के अनुसार, प्रबंधन न्यूनतम पात्रता मानकों/मानदंडों को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

3. न्यूनतम अपेक्षित अनुभव पूरा करने पर अभ्यर्थियों को 5 अंक दिए जाएंगे तथा इसके अतिरिक्त, प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष के अनुभव के लिए 1 अंक दिया जाएगा, जो अधिकतम 10 अंक तक होगा।
4. नियुक्ति का प्रस्ताव अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त कुल अंकों के आधार पर तैयार की गई मेरिट सूची में उनकी सबंधित रैंक के आधार पर जारी किया जाएगा।
5. चयनित अभ्यर्थियों की जॉइनिंग उनकी चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करने तथा किसी निर्दिष्ट सरकारी अस्पताल द्वारा चिकित्सकीय रूप से उन्हें फिट घोषित किए जाने के बाद ही होगी ।

**आवेदन कैसे करें:**

1. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट **www.ngel.in** के करियर सेक्शन **पर** जाएं। आवेदन का कोई अन्य माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों के पास वैध ईमेल आईडी होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को भेजे गए किसी भी ईमेल के बाउंस बैक होने के लिए NGEL जिम्मेदार नहीं होगा। सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अ.पि.व. श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को ₹500 का गैर-वापसी योग्य पंजीकरण शुल्क देना होगा। अनु.जा./अनु.ज.जा./ पीडब्ल्यूबीडी /भूतपूर्व सैनिक श्रेणी और महिला अभ्यर्थियों को पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।
2. **ऑनलाइन माध्यम से भुगतान** : उम्मीदवारों के पास ऑनलाइन भुगतान करने का विकल्प हैं (नेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / प्रीपेड कार्ड / यूपीआई के माध्यम से)। ऑनलाइन भुगतान का विकल्प ऑनलाइन आवेदन पत्र में उपलब्ध होगा।
3. एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। अतः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने से पहले अपने पात्रता मानदंड की पूरी जांच कर लें। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद, उम्मीदवार को सिस्टम द्वारा उत्पन्न आवेदन स्लिप को यूनीक पंजीकरण संख्या के साथ डाउनलोड करना होगा। भविष्य के संदर्भ के लिए अभ्यर्थी आवेदन स्लिप की प्रति अपने पास रख सकते हैं। हमें डाक द्वारा कोई दस्तावेज भेजने की आवश्यकता नहीं है।
4. यह अनिवार्य है कि पात्र अभ्यर्थी पद के लिए आवेदन करते समय विज्ञापन का पूरा पाठ पढ़ें और दी गई सभी शर्तों से सहमत हों। कोई भी अतिरिक्त परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/अपडेट केवल हमारी वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

| गतिविधि | दिनांक |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन की आरंभ तिथि | 11.04.2025 ( प्रातः 10:00 बजे से) |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 01.05.2025 (रात्रि 11:59 बजे तक) |

**सामान्य अनुदेश:**

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. सभी अर्हताएं भारत में मान्यता प्राप्त एवं अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए।
3. आयु/अनुभव आवश्यकता/अर्हता की सभी गणनाएं विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार की जाएंगी।
4. किसी विशेष श्रेणी से संबंधित होने का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के पास सक्षम प्राधिकारी से वैध ईडब्ल्यूएस/अ.पि.व./अनु.जा./अनु.ज.जा./दिव्यांगता प्रमाणपत्र होना आवश्यक है। जहां ऐसी श्रेणी के लिए रिक्तियां निर्धारित हैं, वहां अनु.जा./अनु.ज.जा. उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष, अ.पि.व. उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष और दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए 10 वर्ष की छूट दी गई है। 01.01.80 से 31.12.89 की अवधि के दौरान जम्मू और कश्मीर राज्य में सामान्य रूप से निवास करने वाले अभ्यर्थियों के लिए 5 वर्ष की आयु में छूट दी गई है। भूतपूर्व सैनिकों को सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आयु में छूट दी गई है।
5. सरकारी संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करना आवश्यक है।
6. आवश्यकतानुसार, कंपनी बिना किसी पूर्व सूचना के और बिना कोई कारण बताए रिक्तियों की संख्या को आवश्यकता होने पर निरस्त करने/ सीमित करने/ कम करने/ बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
7. पदस्थापना एनजीईएल के किसी भी स्टेशन/परियोजना/जेवी/सहायक कंपनी में हो सकती है। सभी पद प्रबंधन के पूर्ण विवेक पर स्थानांतरणीय हैं।
8. पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह निर्दिष्ट तिथियों पर ऊपर उल्लिखित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता है और उसके द्वारा प्रस्तुत विवरण सभी मामलों में सही हैं। यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और / या उसने कोई

गलत / झूठी जानकारी दी है या किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः ही रद्द हो जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी उपरोक्त में से कोई भी कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएं बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती हैं। किसी भी रूप में कैनवसिंग करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

9. मात्र इस तथ्य से कि किसी अभ्यर्थी ने विज्ञापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है तथा वह विज्ञापन में निर्धारित मानदण्डों को स्पष्टतः पूरा करता है, उसे लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने/चयन प्रक्रिया के लिए आगे विचार किए जाने का अधिकार नहीं मिल जाएगा।
10. आगे की चयन प्रक्रिया के लिए अभ्यर्थियों की संख्या को सीमित करने के लिए, यदि आवश्यक हो, तो प्रबंधन बहुस्तरीय चयन प्रक्रिया आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जिसमें आवेदन की शॉर्टलिस्टिंग / स्क्रीनिंग (योग्यता / अंकों का प्रतिशत / वर्षों के अनुभव आदि के आधार पर), लिखित / कंप्यूटर आधारित परीक्षा, साक्षात्कार आदि या उपरोक्त का संयोजन या आवश्यकता के अनुसार न्यूनतम पात्रता मानकों / मानदंडों को बढ़ाने का अधिकार शामिल हो सकता है।
11. अभ्यर्थी उसके पात्र होने वाले उपर्युक्त पदों में से केवल एक पद के लिए ही आवेदन कर सकते है।
12. एक ही पद के लिए एक अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत किए जाने की स्थिति में, उच्च आवेदन अनुक्रम संख्या वाले आवेदन पर ही विचार किया जाएगा।
13. इस विज्ञापन और/या इसके प्रत्युत्तर में किसी आवेदन से उत्पन्न किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कार्यवाही केवल दिल्ली में ही की जा सकेगी तथा केवल दिल्ली स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/फोरमों के पास ही ऐसे किसी मामले/विवाद पर सुनवाई करने का एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार होगा।
14. यदि अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड**

*(एनटीपीसी लिमिटेड की सहायक कम्पनी)*

पंजीकृत कार्यालय: एनटीपीसी भवन , स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003